हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32.1°c
न्यूनतम 26.0°c

**नगर में आज**
- वार्ड 11 में स्वच्छता अभियान सुबह 8 बजे से
- उपायुक्त की अधिकारियों संग बैठक सुबह 11 बजे
- जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता मशीनरी का करेंगे निरीक्षण
- कई कार्यक्रमों में शिक्षामंत्री ढांडा करेंगे शिरकत
- टिटोली गांव में लघु सभा सुबह 11 बजे

## नाइट डोमिनेशन: वाहनों व संदिग्धों की सघन जांच



रोहतक। पुलिस ने गुरुवार देर रात पूरे शहर में नाइट डोमिनेशन अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष नाकेबंदी की गई। पुलिस टीमों ने सड़क से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान वाहन चालकों के पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन संबंधी दस्तावेज और अन्य जरूरी कागजात की जांच की गई। साथ ही आने-जाने वाले लोगों के नाम, पता और गतिविधियों की भी जानकारी ली गई। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान का सत्यापन किया गया।

### अपराध पर अंकुश लगाना अभियान का उद्देश्य

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना, असामाजिक तत्वों पर नजर रखना और शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसे नाइट डोमिनेशन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अपराधियों में कानून का भय बना रहे। बता दें कि दिन में एसपी पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने साफ शब्दों में कहा कि अपराध होने का इंतजार नहीं, बल्कि उसे पहले ही रोकना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

-पेज 12 भी देखें

## अस्पतालों में आधे मरीज नेत्र संक्रमण से परेशान

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक

बदलते मौसम, बढ़ती उमस और तेज गर्मी का असर अब लोगों की आंखों की सेहत पर भी साफ दिखाई देने लगा है। जिले में इन दिनों कंजंक्टिवाइटिस (आंख आना) के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सिविल अस्पताल समेत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के नेत्र विभाग में आने वाले मरीजों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो आंखों के संक्रमण से पीड़ित हैं। चिकित्सकों के अनुसार, हर 10 मरीजों में से लगभग पांच मरीज कंजंक्टिवाइटिस की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा मौसम संक्रमण फैलने के लिए सबसे अनुकूल माना जाता है। वातावरण में बढ़ी नमी, गर्म हवाएं और हवा में मौजूद धूल व परागकण आंखों में एलर्जी और संक्रमण की संभावना को बढ़ा देते हैं। यही कारण है कि पिछले कुछ दिनों में आंखों से संबंधित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

# इस बार कंजंक्टिवाइटिस 'आंख फोड़ू'

- इस बार वायरस ज्यादा खतरनाक कॉर्निया पर कर रहा असर
- खुद ड्राप्स लेने से बचें, तकलीफ होने पर डॉक्टर को दिखाएं

### ये हैं लक्षण

कंजंक्टिवाइटिस में आंखों की बाहरी पारदर्शी परत और पलकों की अंदरूनी सतह प्रभावित होती है। इसकी शुरुआत आंखों के लाल होने से होती है। इसके साथ आंखों से लगातार पानी आना, जलन, खुजली और किरकिरी महसूस होना आम लक्षण हैं। कई मरीजों को सुबह उठने पर पलकों के चिपक जाने की समस्या भी होती है। संक्रमण बढ़ने पर आंखों में दर्द और असहजता भी महसूस हो सकती है, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित होने लगते हैं।

सिटी पल्स

### इनसे बचने का प्रयास करें

संक्रमण होने की स्थिति में मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप और अन्य डिजिटल स्क्रीन का लंबे समय तक उपयोग करने से बचना चाहिए। लगातार स्क्रीन देखने से आंखों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे जलन और लालिमा बढ़ सकती है। पर्याप्त आराम और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार लेने से संक्रमण जल्दी नियंत्रित किया जा सकता है। संक्रामक होने के कारण संक्रमित व्यक्ति को अपना तौलिया, रुमाल, तकिया और अन्य व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुएं अलग रखनी चाहिए।

### संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है वायरस

डॉक्टरों का कहना है कि यह संक्रमण संक्रामक होता है और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने या उसकी इस्तेमाल की वस्तुओं के जरिए आसानी से दूसरे लोगों तक पहुंच सकता है। इस बार वायरस पहले से ज्यादा खतरनाक है और कॉर्निया पर भी असर कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि शुरुआती लक्षण दिखाई देते ही सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। संक्रमण के दौरान आंखों को बार-बार हाथ लगाने से बचना चाहिए और यदि आंखों को छूना पड़े तो पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोना चाहिए। समय-समय पर साफ पानी से आंखों की सफाई करना भी लाभदायक माना जाता है। बाहर निकलते समय धूप का चश्मा पहनने से धूल, धूप और परागकणों से आंखों की सुरक्षा की जा सकती है।ऐसे में काला चश्मा लगाना और बर्फ से दस सैकेंड तक बार बार सिकाई करना लाभदायक है।

### सफाई बढ़ाने की जरूरत



इस बार वायरस पहले से ज्यादा खतरनाक है। लोग स्वयं ड्रॉप्स खरीद कर न प्रयोग करें। वायरस का कॉर्निया पर भी असर देखने को मिला है। लोगों को सफाई बढ़ाने की जरूरत है। बेवजह किसी वस्तु को न छुएं। कोरोना कॉल में जैसे एहतियात बरते गए, वैसे ही अब बरते जाएं। बर्फ की सिकाई करना और काला चश्मा लगाना लाभदायक है। संक्रमण होते ही सबसे पहले डॉक्टर से परामर्श लें। **-डॉ मार्कंडेय आहुजा,** वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ

**खबर संक्षेप**

### बोर्ड परीक्षाओं को लेकर धारा 163 लागू

**रोहतक।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड, भिवानी की 10वीं और 12वीं की कंपार्टमेंट/अतिरिक्त विषय और अंक सुधार परीक्षाओं को लेकर जिलाधीश सचिन गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत 18 जुलाई तक निषेधाज्ञा लागू की है। आदेश के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा समय के दौरान केंद्रों के 100 मीटर दायरे में संचालित फोटोकॉपी, डुप्लीकेटिंग सुविधा, साइबर कैफे और संबंधित दुकानों को बंद रखा जाएगा। आदेशों का उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### द्वारका में गार्ड की नौकरी करने वाला युवक लापता

**सांपला।** किसरेंटी गांव का 25 वर्षीय युवक संदिग्ध हालात में लापता हो गया। परिजनों की शिकायत पर सांपला पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी जोगेंद्र ने बताया कि उसका भतीजा प्रमजीत पुत्र ओमप्रकाश दिल्ली के द्वारका में सुरक्षा गार्ड है। वह 7 जुलाई को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी तलाशने पर भी उसका सुराग नहीं लगा।

## विश्वासघात: आठ मिनट में तोड़ गया आठ साल का भरोसा

# जौहरी के कारीगर में निकला खोट

## सुबह दुकान खोलते ही 1 करोड़ का 700 ग्राम सोना लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ज्वेलरी कारोबार केवल सोने-चांदी का नहीं, बल्कि भरोसे का भी होता है। इसी भरोसे पर कारोबारी अपने कारीगरों को लाखों रुपये के कीमती आभूषणों के बीच काम करने की जिम्मेदारी सौंपते हैं। लेकिन रोहतक की सुनारों वाली गली में सामने आई एक घटना ने इसी विश्वास को गहरा झटका दिया है। जिस कारीगर को कारोबारी ने करीब आठ वर्षों तक अपने परिवार का सदस्य मानकर काम करवाया, वही सुबह दुकान खोलते ही एक करोड़ रुपये का लगभग 700 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया।

पीड़ित कारोबारी सरदार मंदीप सिंह पिछले करीब 30 वर्षों से अमृतसर से ज्वेलरी का सामान सप्लाई करने का कारोबार कर रहे हैं। रोहतक में भी उनका कारोबार लंबे समय से चल रहा है। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला लल्ला चौहान पिछले आठ वर्षों से उनके यहां कारीगर के रूप में कार्यरत था।

वर्षों तक साथ काम करने के कारण उस पर पूरा भरोसा था। दुकान की चाबी से लेकर कीमती आभूषणों तक उसकी पहुंच थी।



### फोन पर बनाता रहा बहाने

शिकायत के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब सात बजे आरोपी दुकान पर पहुंचा, ताला खोला और अंदर रखे करीब 700 ग्राम सोने के साथ फरार हो गया। करीब आधे घंटे बाद जब उसे दुकान पहुंचने के लिए फोन किया गया तो वह बहाने बनाता रहा। उसके जवाबों से संदेह होने पर दुकान की जांच की गई, जहां सोना गायब मिला। इसके बाद सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी गई। कारोबारी का दावा है कि फुटेज में कारीगर दुकान खोलने के बाद सोना लेकर निकलता दिखाई दे रहा है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की, सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली और आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### सर्राफा कारोबारियों की चिंता बढ़ी

इस घटना ने सुनार बाजार के कारोबारियों के बीच भी चिंता बढ़ा दी है। उनका कहना है कि इस कारोबार में मशीनों से ज्यादा भरोसे की अहमियत होती है। वर्षों की पहचान और विश्वास के आधार पर ही कारीगरों को जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। ऐसे में यदि भरोसेमंद कर्मचारी पर ही चोरी का आरोप लगे तो इसका असर केवल एक कारोबारी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे बाजार में अविश्वास का माहौल पैदा हो जाता है।

### पुलिस ने शुरू की आरोपी की तलाश

सिटी थाना प्रभारी रमेश ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी कारीगर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विद्यार्थियों से जुर्माना वसूली के मामले में शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष निलंबित

- जांच समिति की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीयू की वीरवार को हुई 305वीं कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक में एक ओर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए 'सेंटर फॉर डेवलपिंग रिसर्च बेस्ड सॉल्यूशन' स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वहीं दूसरी ओर शारीरिक शिक्षा विभाग में विद्यार्थियों से जुर्माना वसूली के मामले में जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी को निलंबित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया की अध्यक्षता में हाइब्रिड मोड में हुई। विश्वविद्यालय में स्थापित होने वाला प्रस्तावित शोध केंद्र दिल्ली-एनसीआर में शहरीकरण, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण, सतत विकास, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों तथा सार्वजनिक नीति जैसे विषयों पर शोध करेगा। इसके अलावा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एआई आधारित इकोनॉमिक ऑब्जर्वेटरी विकसित करने की भी योजना है।

### एमडीयू ईसी की बैठक में शोध केंद्र को मंजूरी



बैठक लेते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया।

### दिल्ली-एनसीआर की समस्याओं पर रिसर्च सेंटर स्थापित करने के प्रस्ताव सहित 29 एजेंडा बिंदुओं को मिली स्वीकृति

बैठक में प्रशासनिक, शैक्षणिक, वित्तीय एवं विकास कार्यों से जुड़े कुल 29 एजेंडा बिंदुओं को मंजूरी दी गई। इनमें दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र की अध्ययन सामग्री, विश्वविद्यालय अनुसंधान छात्रवृत्ति (यूआरएस) में वृद्धि, पीएचडी धारकों के पारिश्रमिक में संशोधन, अनुबंध कर्मचारियों के सेवा विस्तार सहित कई प्रस्ताव शामिल रहे। बैठक में शारीरिक शिक्षा विभाग से जुड़े मामले पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। यह मामला छात्रों से करीब 61 हजार रुपये जुर्माना वसूलने के आरोपों से जुड़ा है। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में विभाग स्तर पर अपनाई गई प्रक्रिया और विश्वविद्यालय के नियमों के अनुपालन पर गंभीर सवाल उठाए थे। समिति ने यह भी उल्लेख किया था कि जिन छात्रों के नाम नियमानुसार काटे जाने चाहिए थे, उनके मामलों का विभागीय स्तर पर जुर्माना लेकर निपटारा किया गया। साथ ही बिना विधिवत पंजीकरण वाली विभागीय समिति के माध्यम से जुर्माना राशि रखने की प्रक्रिया पर भी आपत्ति दर्ज की गई थी।

### कुछ फाइलें अपने साथ ले गए प्रो. भगत सिंह राठी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, निलंबन आदेश की जानकारी मिलने के बाद प्रो. भगत सिंह राठी विभाग से कुछ फाइलें अपने साथ घर ले गए। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी जारी नहीं की गई है। बैठक में कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने एजेंडा प्रस्तुत किया। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान सहित कार्यकारी परिषद के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## आईटीआई प्रवेश के लिए 15 तक करें ऑनलाइन आवेदन



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिले के युवाओं से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश हेतु 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि राजकीय आईटीआई, हसनगढ़ में स्थापित हेल्प डेस्क पर आवेदन प्रक्रिया से संबंधित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। संस्थान में इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, एमएईई, एमएमवी, आरएसी सहित 18 ट्रेडों में प्रवेश दिए जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी हरियाणा आईटीआई प्रवेश पोर्टल तथा आईटीआई हसनगढ़ के हेल्प डेस्क से प्राप्त की जा सकती है।

# खरैंटी के किसान से घूस लेता पटवारी गिरफ्तार

- *फर्द में एंट्री के नाम पर मांगे थे 1.20 लाख, 1 लाख रुपये लेता रंगे हाथ पकड़ा गया।*
- *लाखन माजरा उप तहसील के गांव खरैंटी में कार्यरत है महम निवासी पटवारी सुरेश कुमार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाखन माजरा

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रोहतक की टीम ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व हलका पटवारी सुरेश कुमार को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पटवारी किसान क्रेडिट कार्ड ऋण के लिए आवश्यक भूमि रिकॉर्ड (फर्द जमीन) में एंट्री करने के बदले शिकायतकर्ता से 1.20 लाख रुपए की अवैध रिश्वत की मांग कर रहा था। इस संबंध में थाना एसीबी रोहतक में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। खरैंटी गांव के किसान उत्सव पुत्र जयभगवान ने ब्यूरो को शिकायत दी कि वह अपनी जमीन पर किसान क्रेडिट कार्ड लोन लेने के लिए सभी दस्तावेज लेकर फर्द में चढवाने के लिए खरैंटी के हलका पटवारी सुरेश कुमार के पास उपतहसील लाखन माजरा में गया था। राजस्व पटवारी सुरेश कुमार द्वारा ऑफ लाइन रिकार्ड में इन्द्राज करना व अपने हस्ताक्षर करके सत्यापित करने होते हैं, लेकिन आरोपी ने इस सरकारी कार्य के बदले 1.20 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की।



### शिकायत पर बिछाया जाल

शिकायत की सत्यता की जांच के बाद राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रोहतक की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी पटवारी सुरेश कुमार को शिकायतकर्ता से 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। रिश्वत की पूरी राशि मौके से बरामद कर ली गई। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सख्त कार्रवाई करेगी एसीबी: डॉ. चावला

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हरियाणा के निदेशक डॉ. एएस चावला ने कहा कि भ्रष्टाचारी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी। ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस मामले में जीरो टॉलरेंस के नीति अपनाते हुए काम किया जाएगा। इस बारे में ब्यूरो के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे गंभीरता से कार्य करें।



# अप्पू घर के पास मृत मिला दो दिन से लापता सचिन

- *पुलिस व एफएसएल टीम ने जांच शुरू की तो हुई शव की पहचान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दो दिन से लापता एक युवक का शव गुरुवार को छोटूराम चौक स्थित अप्पू घर के पास मिला। व्यस्त सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच के बाद मृतक की पहचान प्रीत विहार निवासी 32 वर्षीय सचिन के रूप में हुई, जो पिछले दो दिनों से घर से लापता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह अप्पू घर के पास सड़क किनारे एक युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। कुछ ही देर में एफएसएल टीम भी पहुंच गई और घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए।

### प्रीत विहार का रहने वाला था युवक

एफएसएल टीम प्रभारी डॉ. सरोज दहिया ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, जबकि पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर युवक की पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। जांच के दौरान मृतक की पहचान प्रीत विहार निवासी 32 वर्षीय सचिन के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि सचिन दो दिनों से लापता था और उसकी तलाश की जा रही थी। पहचान होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेजा।

### मौत के कारणों का खुलासा अभी बाकी

पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच के आधार पर मौत के कारणों का पता लगाया जाएगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। अचानक युवक का शव मिलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि इलाके में भी घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

**जलभराव की सूचना पर संयुक्त टीम करेगी तत्काल कार्रवाई, अफसरों की छुट्टी रद्द**

# नए कमिश्नर का नया एक्शन प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रोहतक। आगामी मानसून के मद्देनजर शहर में जलभराव और जल निकासी व्यवस्था को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने नगर निगम और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर बरसात के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की। बैठक में उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय और टीम वर्क के साथ कार्य करने के स्पष्ट निर्देश दिए। आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने कहा कि बरसात के समय नागरिकों को राहत पहुंचाने का सबसे प्रभावी तरीका दोनों विभागों के बीच बेहतर तालमेल है।



### कार्यालय की बजाय फील्ड में रहें अफसर

शहर के किसी भी क्षेत्र में जलभराव, सीवर ओवरफ्लो अथवा जल निकासी संबंधी समस्या की सूचना मिलते ही नगर निगम और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम तुरंत मौके पर पहुंचे और समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून के दौरान केवल कार्यालयों में बैठकर निगरानी करने के बजाय लगातार फील्ड में मौजूद रहें। प्रत्येक अधिकारी अपने निर्धारित क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करे तथा जलभराव संभावित और संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखे। यदि कहीं पानी जमा होने की स्थिति बनती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

### बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

- निगम के पास उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए
- डी-वाटरिंग पंप, सुपर सकर मशीनें, जेटिंग मशीनें तथा अन्य आवश्यक उपकरण पूरी क्षमता के साथ संचालित किए जाएं
- पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए।
- सभी पंपिंग स्टेशन, डिस्पोजल केंद्र और डी-वाटरिंग पंप पूरी तरह कार्यशील स्थिति में रहें
- जेनरेटरों की नियमित जांच की जाए तथा डीजल और ऑयल का पर्याप्त स्टॉक पहले से उपलब्ध रखा जाए
- बारिश के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने पर भी जल निकासी का कार्य बिना रुकावट चलता रहना चाहिए

**चेतावनी:** बरसात के मौसम में नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा में किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता या कार्य में देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। इसलिए सभी जिम्मेदारी से काम करें।

## टेलीग्राम टास्क के नाम पर 87 हजार ठगे, एक गिरफ्तार

**रोहतक।** रोहतक पुलिस ने घर बैठे मोटी कमाई का लालच देकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गांव घिलौड़ कलां निवासी दिवेश की शिकायत पर की गई, जिसने बताया कि 20 मार्च 2026 को उसकी टेलीग्राम आईडी पर ऑनलाइन टास्क पूरा कर अच्छी कमाई का संदेश आया था।

शुरुआत में आसान टास्क देकर भरोसा जीता गया, फिर अधिक मुनाफे का लालच देकर अलग-अलग टास्क के नाम पर रुपये जमा करवाए गए। झांसे में आकर दिवेश ने विभिन्न चरणों में कुल 87,100 रुपये बताए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद न तो कोई भुगतान मिला और न ही उसकी जमा राशि लौटाई गई। शिकायत मिलने पर थाना सदर में मामला दर्ज कर जांच उप निरीक्षक हरदीप को सौंपी गई। तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर पुलिस ने 8 जुलाई को गिरोह से जुड़े प्रशांत पुत्र संजय, निवासी उत्तर प्रदेश, को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ की जा रही है।

### भैणी महाराजपुर समेत कई गांवों में अप्रैल माह तक खेतों में भरा था पिछली बारिश का पानी

# जुलाई के पहले 9 दिन में महम सबसे अधिक भीगा, रोहतक में सबसे कम 12 मिमी वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

मानसून की शुरुआत के साथ ही जिले में असमान बारिश हो रही है। जुलाई के पहले नौ दिनों के आंकड़े बताते हैं कि महम खंड में अभी तक सबसे अधिक बारिश हुई है। एक से नौ जुलाई तक महम में 69 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि रोहतक क्षेत्र में सबसे कम 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। इसके अलावा सांपला में 46 मिलीमीटर, लाखनमाजरा में 28 मिलीमीटर और कलानौर एरिया में 13 मिलीमीटर वर्षा हुई। शुरुआती आंकड़े यह संकेत दे रहे हैं कि इस मानसून में भी महम क्षेत्र अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक बारिश हो सकती है। ध्यान रहे कि गत वर्ष महम में ज्यादा बरसात हुई तो फसलें खराब हो गई थी। गत मार्च-अप्रैल तक भी मानसूनी बरसात का पानी खेतों में भरा हुआ था।



जुलाई में अब तक क्षेत्रवार बारिश (1 से 9 जुलाई)

### कब-कितनी हुई बारिश (एमएम में)

| तारीख | रोहतक | महम | सांपला | कलानौर | लाखन माजरा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जुलाई | 1 | 19 | 1 | 1 | 2 |
| 2 जुलाई | 2 | 13 | 20 | 3 | 15 |
| 3 जुलाई | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 5 जुलाई | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 |
| 7 जुलाई | 0 | 8 | 0 | 0 | 5 |
| 8 जुलाई | 2 | 0 | 12 | 4 | 0 |
| 9 जुलाई | 7 | 29 | 8 | 3 | 1 |
| कुल | 12 | 69 | 46 | 13 | 23 |

### भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर खेतों में जलभराव की स्थिति बनी

सैमाण, भैणी महाराजपुर समेत आसपास के गांवों के किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष महम क्षेत्र में लगातार हुई भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई थी। उनका दावा है कि कुछ खेतों में मार्च और अप्रैल तक भी पानी भरा रहा, जिससे फसलों की तैयारी और कृषि कार्य प्रभावित हुए। इस वर्ष भी यदि महम क्षेत्र में लगातार अधिक वर्षा का क्रम जारी रहता है तो निचले इलाकों में जल निकासी एक बार फिर चुनौती बन सकती है। वहीं, जिन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम वर्षा हुई है, वहां किसान आगामी दिनों में अच्छी मानसूनी बारिश की उम्मीद लगाए हुए हैं।

| क्षेत्र | बारिश (मिमी) |
|---|---|
| महम | 69 |
| सांपला | 46 |
| लाखनमाजरा | 23 |
| कलानौर | 13 |
| रोहतक | 12 |

### पिछले मानसून (2025) की कुल वर्षा

| | |
|---|---|
| महम | : 776 मिमी |
| कलानौर | : 747 मिमी |
| रोहतक | : 742 मिमी |
| सांपला | : 555 मिमी |
| लाखनमाजरा | : 300 मिमी |

**महम में 69 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई, सांपला में 8 एमएम, कलानौर में 3 एमएम बारिश हुई**

**लगातार वर्षा का क्रम बना रहा तो जलभराव की समस्या लोगों को करेगी परेशान**

### 2025 में महम में हुई थी 776 मिमी बारिश

पिछले वर्ष का रिकॉर्ड भी महम को जिले के सबसे अधिक वर्षा वाले क्षेत्र के रूप में दर्शाता है। वर्ष 2025 के मानसून सीजन (जून से अगस्त) में महम में 776 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। इसके बाद कलानौर में 747 मिलीमीटर, रोहतक में 742 मिलीमीटर, सांपला में 555 मिलीमीटर तथा लाखनमाजरा में 300 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। किसानों का दावा है कि पिछले वर्ष महम क्षेत्र में लगातार हुई बारिश के कारण कई गांवों के खेतों में मार्च और अप्रैल तक पानी जमा रहा था, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हुए थे। ऐसे में इस वर्ष भी महम में लगातार अधिक वर्षा का क्रम बना रहता है तो जलभराव की समस्या दोबारा सामने आ सकती है। दूसरी ओर, कम बारिश वाले क्षेत्रों के किसान अच्छी मानसूनी वर्षा की उम्मीद लगाए हुए हैं।

### नौ जुलाई को जिले के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश

राजस्व विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार नौ जुलाई को जिले के अधिकांश क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। इस दिन महम में अकेले 29 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो जिले में सबसे अधिक रही। वहीं रोहतक में 7 मिलीमीटर, सांपला में 8 मिलीमीटर, कलानौर में 3 मिलीमीटर और लाखनमाजरा में 1 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे पहले एक जुलाई को महम में 19 मिलीमीटर तथा दो जुलाई को 13 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इसी कारण शुरुआती नौ दिनों में महम का कुल वर्षा आंकड़ा अन्य सभी क्षेत्रों से काफी आगे निकल गया।

### महम और सांपला में अपेक्षाकृत अच्छी बरसात

बारिश के क्षेत्रवार आंकड़ों पर नजर डालें तो महम और सांपला में अपेक्षाकृत अच्छी वर्षा हुई है, जबकि रोहतक और कलानौर में अभी तक सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में यही स्थिति बनी रहती है तो जिले के विभिन्न हिस्सों में मिट्टी की नमी, जलभराव और फसलों की बढ़वार पर अलग-अलग प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। जिन क्षेत्रों में अधिक बारिश हुई है, वहां जल निकासी की व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी, जबकि कम वर्षा वाले क्षेत्रों में किसान आगामी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

## बरसात से पहले दुरुस्त हो रही दुल्हेड़ा माइनर, बाढ़ से बचाव की तैयारी तेज

सांपला। मानसून के मौसम को देखते हुए सांपला क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण जल निकासी लाइन मानी जाने वाली दुलेहड़ा माइनर की व्यापक सफाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। पिछले वर्ष सांपला व आसपास के गांवों में जलभराव की गंभीर स्थिति के दौरान इसी माइनर ने अतिरिक्त पानी की निकासी कर लोगों को बड़ी राहत दिलाई थी। ऐसे में इस बार समय रहते कराई जा रही सफाई को क्षेत्र की बाढ़ सुरक्षा के लिहाज से अहम माना जा रहा है। नहरी विभाग द्वारा जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से माइनर की तलहटी में वर्षों से जमी मिट्टी, झाड़ियां और कूड़ा-कचरा बाहर निकाला जा रहा है। इससे न केवल माइनर की जल वहन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि पेयजल आपूर्ति भी सुचारू बनी रहेगी और बरसात के दौरान अतिरिक्त पानी की निकासी में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। मौके पर सफाई कार्य की निगरानी कर रहे नहरी विभाग के मेट राकेश ने बताया कि सफाई अभियान 76 हेड से शुरू होकर 0 टेल तक चलाया जा रहा है। रोहद टेल से चुलियाना मोड़ के निकट तक आने वाले पूरे नहरी भाग की सफाई शीघ्र पूरी कर ली जाएगी। ताकि बरसात से पहले माइनर पूरी क्षमता के साथ तैयार हो सके। नहरी विभाग के जेई अमित हुड्डा ने बताया कि माइनर की सफाई प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से कराई जाती है, लेकिन सांपला क्षेत्र के लिए इसका महत्व कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि सांपला और आसपास के इलाकों में वर्षा या बाढ़ का पानी निकालने के लिए कोई अलग ड्रेन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में दुल्हेड़ा माइनर ही ड्रेन की भूमिका भी निभाती है। पिछले वर्ष भारी बारिश के दौरान गांवों और खेतों में जमा पानी की निकासी इसी माइनर के माध्यम से कर लोगों को राहत पहुंचाई गई थी।



## जादू की कला को बढ़ावा दे सरकार : जादूगर विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

जादूगर सम्राट सूर्यकांत ने महम में जादू का शो शुरू किया गया है। यह शो वीरवार शाम को शुरू किया गया। जादूगर शॉ के शुभारंभ के अवसर पर जादूगर शॉ के मैनेजिंग डायरेक्टर जादूगर विकास ने बताया कि आधुनिक युग में इंटरनेट, सोशल मीडिया और टीवी के कारण पारंपरिक जादूगरों के सामने आजीविका का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर जादू के रहस्य उजागर होने से दर्शकों की उत्सुकता कम हुई है, जिससे लाइव शो की मांग तेजी से घटी है। जबकि भारी भरकम स्टेज शॉ तैयार करने, उपकरणों को लाने ले जाने और सहायकों का खर्च बढ़ता जा रहा है। टिकटों की बिक्री और आय घट रही है। हरियाणा में करीब 100 जादूगर देश के विभिन्न राज्यों में अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। आज इंडियन मैजिक एसोसिएशन जैसी संस्थाओं के माध्यम से जादूगरों को एकजुट होने की जरूरत है। ताकि सरकार और संस्कृति मंत्रालय पारंपरिक लोक कलाकारों और विलुप्त होती कलाओं के लिए पेंशन और वित्तिय सहायता की योजनाओं का लाभ उठा सकें। महम में पहले ही दिन जादूगर सम्राट सूर्यकांत और उनकी टीम को काफी अच्छा रिसपोंस मिला।

### 20 दिन तक चलेगा शो

जादूगर सूर्यकांत ने बताया कि महम में 20 दिन तक यह जादूगर का यह शो होगा। उन्हें उम्मीद है कि महम के लोग उनकी कला की कद्र करेंगे ओर कलाकारों का हौसला बढाएंगे। जादूगर शॉ का शुभारंभ भाजपा प्रत्याशी रहे दीपक हुड्डा, नगर पालिका सचिव नवीन नांदल और रविदास धर्मशाला महम के प्रधान अनिल कुमार बिंटू व अशोक रेढू ने किया। इस मौके पर अजय जांगड़ा, बिजली निगम के पूर्व फोरमैन सत्यवान व अत्तर सिंह समेत महम के कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## गड्ढों से दुर्घटना हुई तो अफसर जिम्मेदार: विपिन

■ लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, अफसरों पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम



एसडीएम विपिन।

शहर में चल रहे सीवर पाइपलाइन दबाने के कार्यों के कारण सड़कों पर बने गहरे गड्ढों और उनसे उत्पन्न हो रहे सड़क सुरक्षा संबंधी खतरों को लेकर महम के एसडीएम विपिन कुमार ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में लोक निर्माण विभाग (सड़क एवं भवन शाखा) तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। एसडीएम ने गहरे गड्ढों पर गंभीर चिंता जताई। बैठक में एसडीएम विपिन कुमार ने कहा कि सीवर लाइन डालने के कार्य के कारण कई स्थानों पर सड़कों पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उपमंडल अधिकारी (ना.) महम ने निर्देश दिए कि जहां अधिक गहरे गड्ढे बने हुए हैं, वहां तुरंत यातायात का डायवर्जन किया जाए और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए गड्ढों के चारों ओर मजबूत बैरिकेडिंग लगाई जाए। साथ ही चेतावनी संकेतक भी लगाए जाएं ताकि वाहन चालक सतर्क रह सकें।

### गड्ढे तुरंत भरने के आदेश

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि सीवर लाइन डालने के बाद छोड़े गए सभी गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत भरा जाए, ताकि सड़कें सुरक्षित बनाई जा सकें और लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### सड़क निर्माण में देरी न करें

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन सड़कों पर पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा हो चुका है, वहां सड़क निर्माण कार्य बिना किसी देरी के शुरू किया जाए, ताकि यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### नियमानुसार की जाएगी सख्त कार्रवाई

एसडीएम विपिन कुमार ने दोनों विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में इन गड्ढों के कारण कोई दुर्घटना होती है अथवा जान-माल का नुकसान होता है, तो संबंधित विभाग के अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार माने जाएंगे और उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## करंट की चपेट में आने से युवक की जान गई

■ रोड़ी क्रेशर स्टॉक पर टीन के ऊपर चढ़कर कर रहा था चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव औरंगपुर के नजदीक एक रोडी क्रेशर स्टॉक संचालक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनीपत जिले के गांव मटिंडू निवासी करीब 25 वर्षीय रवि पुत्र रोहतास के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रवि कुलाना में रहता था तथा औरंगपुर गांव के नजदीक रोड़ी क्रेशर का स्टॉक चलाता था। वीरवार को वह अपने स्टॉक पर बनाई टिन शेड के ऊपर चढ़कर उसे चेक कर रहा था तो अचानक वहां से गुजरती बिजली की मेन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने के बाद गंभीर अवस्था में रवि को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी जितेंद्र ने बताया कि इस संबंध में मृतक के पिता के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## नगर पालिका पूर्व वाइस चेयरमैन योगेश ने लगाया अपहरण और मारपीट का आरोप

सांपला। कस्बे में उस समय सनसनी फैल गई जब नगर पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन योगेश ओहलायन ने अपने अपहरण और मारपीट किए जाने का गंभीर आरोप लगाया। योगेश ओहलायन का कहना है कि 6 जुलाई की शाम दो-तीन बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया और उन्हें जबरन दिल्ली के किसी अज्ञात स्थान पर ले जाकर बंधक बनाए रखा। इस दौरान उनके साथ मारपीट भी की गई। योगेश ओहलायन के अनुसार, घटना के बाद उनके पिता रमेश ओहलायन ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें आरोपियों के कब्जे से छुड़वाया। हालांकि, उनका आरोप है कि इसके बाद भी मामले में पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं रही और उनकी शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा। पूर्व वाइस चेयरमैन का कहना है कि उनका अपनी पत्नी के साथ पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिसका मामला अदालत में विचाराधीन है। उनका आरोप है कि इसी विवाद के चलते उनके खिलाफ साजिश रची गई और उनका अपहरण कराया गया। उन्होंने कहा कि घटना के दौरान उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़ित ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मासूम बच्ची से क्रूरता मामले में आरोपी पिता गिरफ्तार, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏩ रोहतक

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। वीडियो में एक व्यक्ति तीन-चार साल की मासूम बच्ची को गोद में उठाकर सड़क पर बेरहमी से पटकता दिखाई दे रहा है। बच्ची के साथ कथित तौर पर की गई क्रूरता को देखकर लोगों में भारी आक्रोश है। मामले में अब एक समाजसेवी ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता रोहित शर्मा निवासी प्रताप मोहल्ला, वार्ड-6, रोहतक एवं गौ रक्षक दल के सदस्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके दल के सदस्यों ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देखा। वीडियो में एक छोटी बच्ची को एक व्यक्ति सड़क पर पटकता हुआ दिखाई दे रहा था।




### शराब के नशे में कई बार जमीन पर पटका

शिकायत के अनुसार, काफी प्रयास के बाद घटना स्थल इंदिरा कॉलोनी में चिन्हित किया गया। वहां पहुंचने पर पता चला कि बच्ची के साथ गंभीर मारपीट की गई है। बच्ची की पहचान सुरभि के रूप में हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उसके पिता जितेंद्र, मूल निवासी यूपी ने बच्ची को जान से मारने की नीयत से जमीन पर कई बार पटक दिया। गंभीर हालत में बच्ची को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रोहित शर्मा ने अपनी शिकायत में कहा है कि घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है।

## खेत विवाद ने लिया हिंसक रूप, छह घायल, सात आरोपियों पर केस दर्ज

■ भैंसरू कलां में मूंग की फसल पर खेत जोतकर किया कब्जे का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏩ सांपला

थाना सांपला क्षेत्र के गांव भैंसरू कलां में जमीन के कब्जे को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट की घटना में एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पुलिस को दी शिकायत में गांव भैंसरू कलां निवासी रोशन लाल ने बताया कि उसकी खरीदी हुई जमीन में मूंग की फसल बोई गई थी। आरोप है कि उनकी गैरमौजूदगी में आरोपियों ने ट्रैक्टर से खेत जोतकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। इस विवाद के समाधान के लिए 7 जुलाई को गांव में पंचायत बुलाई गई, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। शिकायत के अनुसार, पंचायत समाप्त होने के बाद जब रोशन लाल अपने बेटे सुमित के साथ घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में आशिष और विनय ने उन्हें रोक लिया और डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाव के लिए पहुंची रोशन लाल की बेटियां स्वीटी और सविता, तथा ग्रामीण संदीप और नैतिक भी मारपीट की चपेट में आ गए। आरोप है कि इस दौरान आशिष की मां अनीता, अनिल तथा गांव के रोहित, लाडो और गुल्लू ने भी हमला कर दिया। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांपला ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने सभी घायलों की मेडिकल जांच की, जिसमें कई चोटों पर आर्थोपेडिक और सर्जन की विशेषज्ञ राय आवश्यक बताई गई। पुलिस ने रोशन लाल का बयान दर्ज करने के बाद आशिष, विनय, अनीता, अनिल, रोहित, लाडो और गुल्लू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।



## शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक प्रो. भगत सिंह राठी के निलंबन का छात्र संगठनों ने किया स्वागत, मिठाई बांटी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी के निलंबन के बाद विभिन्न छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय परिसर में कार्रवाई का स्वागत करते हुए मिठाई बांटी। छात्र नेताओं ने इसे छात्रों के लंबे समय से उठाए जा रहे मुद्दों पर हुई कार्रवाई बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्णय का समर्थन किया। डा. आंबेडकर मिशनरीज विद्यार्थी एसोसिएशन (एएमवीए) के अध्यक्ष विक्रम सिंह डुमोलिया ने कहा कि कार्यकारी परिषद द्वारा जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई कार्रवाई स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों का विश्वविद्यालय प्रशासन पर विश्वास मजबूत होगा और शिकायतों पर तथ्यात्मक कार्रवाई का संदेश जाएगा। डुमोलिया ने आरोप लगाया कि शारीरिक शिक्षा विभाग में छात्रों से विभिन्न मदों के नाम पर नगद राशि वसूली गई। उनका दावा है कि विश्वविद्यालय के नियमों में इस प्रकार की नकद वसूली का प्रावधान नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छात्रों की शिकायत के बाद संबंधित राशि विश्वविद्यालय फंड में जमा कराई गई।

### 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन करने वाले बीएलओ सुनील को किया सम्मानित

## महम विस में एसआईआर का 66% डिजिटलाइजेशन कार्य पूरा

**125 बूथों पर 70 प्रतिशत से अधिक तथा 90 बूथों पर 80 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता गणना प्रपत्रों के डिजिटलाइजेशन का कार्य तेजी से जारी है। अब तक पूरे विधानसभा क्षेत्र में 66 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। वीरवार को एसडीएम कार्यालय, महम में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमंडलाधीश एवं महम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी विपिन कुमार ने अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कार्य 14 जुलाई तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पंजीकृत सभी मतदाताओं तक गणना प्रपत्र अनिवार्य रूप से पहुंचाए जाएं तथा प्राप्त प्रपत्रों का समयबद्ध डिजिटलाइजेशन कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डिजिटलाइजेशन कार्य में लगातार प्रगति हो रही है। रिटर्निंग अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के कुल 217 बूथों में से 125 बूथों पर डिजिटलाइजेशन का कार्य 70 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है, जबकि 90 बूथों पर 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों, बीएलओ तथा डेटा एंट्री ऑपरेटरों के समन्वित प्रयासों से अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। शेष बूथों पर भी निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।



**महम।** बीएलओ सुनील कुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते एसडीएम विपिन कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

### 100 प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ सम्मानित

बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। बूथ संख्या-35 के बीएलओ सुनील कुमार को उनके बूथ पर 1,389 मतदाता होने के बावजूद 7 जुलाई तक 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूरा करने पर उपमंडलाधीश एवं रिटर्निंग अधिकारी विपिन कुमार ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसडीएम विपिन कुमार ने सभी बीएलओ से आह्वान किया कि वे पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी एवं समयबद्धता के साथ अभियान को सफल बनाएं, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही, शुद्ध एवं अद्यतन रूप से दर्ज किया जा सके। बैठक में सुपरवाइजर राकेश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन रोस्टर वापस लेने की मांग, मिशन निदेशक के नाम सौंपा ज्ञापन

**हर तीन माह में ड्यूटी स्थल बदलने के प्रावधान पर जताई आपत्ति**

# 12 घंटे ड्यूटी, फिर 60 किमी का सफर एनएचएम कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉ पुष्पेंद्र के माध्यम से मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के नाम ज्ञापन सौंपकर रेफरल ट्रांसपोर्ट सिस्टम कर्मचारियों के लिए लागू किए गए नए ऑनलाइन रोस्टर का विरोध दर्ज कराया।

जिला अध्यक्ष डॉ. अंकित फोगाट ने बताया कि मुख्यालय द्वारा जारी नए ऑनलाइन रोस्टर के अनुसार बड़ी संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी उनके निवास स्थान से 40 से 60 किलोमीटर अथवा उससे अधिक दूरी पर निर्धारित की गई है। साथ ही प्रत्येक तीन माह में ड्यूटी स्थल बदलने का प्रावधान किया गया है। उनका कहना है कि यह व्यवस्था एनएचएम की स्थानांतरण नीति की भावना के विपरीत है, क्योंकि नीति के अनुसार स्थानांतरण केवल आपसी सहमति अथवा रिक्त पद के आधार पर ही किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि आरटीएस कर्मचारियों की भर्ती के समय भी अभ्यर्थियों के निवास स्थान और कार्यस्थल की निकटता को प्राथमिकता दी गई थी, ताकि दूर-दराज़ क्षेत्रों में मरीजों तक एंबुलेंस सेवाएं समय पर पहुंच सकें। स्थानीय ड्राइवरों एवं ईएमटी को क्षेत्र के मार्गों और भौगोलिक परिस्थितियों की बेहतर जानकारी होने से आपातकालीन सेवाओं का संचालन अधिक प्रभावी ढंग से हो पाता है। ऐसे में वर्षों बाद कर्मचारियों को दूरस्थ स्थानों पर तैनात करना न केवल भर्ती प्रक्रिया की मूल भावना के विपरीत है, बल्कि इससे मरीजों को समय पर मिलने वाली आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉ पुष्पेंद्र को ज्ञापन देते एनएचएम कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल। *फोटो :हरिभूमि*

### संघ ने कहा - कई घंटों का सफर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर डालेगा प्रतिकूल प्रभाव

संघ ने कहा कि 12 घंटे की ड्यूटी के अतिरिक्त कई घंटों का दैनिक सफर कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक जीवन तथा कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। इसके साथ ही आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों को मिलने वाली त्वरित चिकित्सा सुविधा पर भी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि वर्तमान ऑनलाइन रोस्टर को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा पूर्व की व्यवस्था के अनुसार संबंधित जिलों के अधिकारियों को स्थानीय परिस्थितियों एवं कर्मचारियों की व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर पर रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही यथासंभव कर्मचारियों की ड्यूटी उनके निवास स्थान के निकटतम स्टेशन पर सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर बिजेंद्र हुड्डा, अनिल बुद्धिराजा, सुभाष सहित एनएचएम कर्मचारी संघ के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ ने चेतावनी दी कि यदि इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारी लोकतांत्रिक एवं वैधानिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग एवं प्रशासन की होगी।

## एमडीयू में सांख्यिकी विभाग में स्थायी शिक्षक नियुक्त करने की मांग

**इनसो ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन**




**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए कुलपति को ज्ञापन देत इनसो हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक व अन्य सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग के विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति और नियमित ऑफलाइन कक्षाएं शुरू कराने की मांग को लेकर इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कुलपति को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इनसो हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक ने किया। मलिक ने कहा कि विभाग में वर्तमान में एक भी स्थायी शिक्षक नहीं है। इसके बावजूद छात्रों पर दो महत्वपूर्ण विषय ऑनलाइन माध्यम से पढ़ने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांख्यिकी एवं डेटा साइंस जैसे तकनीकी विषयों की प्रभावी पढ़ाई ऑफलाइन माध्यम से ही संभव है। छात्रों ने नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, इसलिए उन्हें विभाग में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा प्रत्यक्ष शिक्षण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। ज्ञापन में कहा गया कि स्वयं पोर्टल के माध्यम से पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम विभाग के निर्धारित सिलेबस तथा यूजीसी-नेट, सीएसआईआर-नेट और पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं। छात्रों का कहना है कि मल्टीवेरिएट एनालिसिस और स्टोकेस्टिक प्रोसेसेज जैसे विषय प्रतियोगी परीक्षाओं और नियमित अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिनकी पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से प्रभावी ढंग से नहीं हो सकती। इनसो ने मांग की कि विभाग में जल्द स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जाए और सभी विषयों की नियमित ऑफलाइन कक्षाएं संचालित कराई जाएं। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो छात्रों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान कुलपति ने छात्रों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विशेष अहलावत, ऋषभ भुक्कर, अनुराग कंडोला, शीतल, अंजलि, निकिता, मानसी, विधि, तन्नु और अंकुश कुंडू सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

## स्मार्ट एनर्जी मीटर कोर्स के लिए विद्यार्थियों में उत्साह

**लाल नाथ हिंदू कॉलेज में 100 से अधिक पंजीकरण**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत 'जूनियर टेक्नीशियन (स्मार्ट एनर्जी मीटर)' कोर्स के लिए विशेष काउंसलिंग एवं पंजीकरण सत्र का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कोर्स में रुचि दिखाई। करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ. सन्नी कपूर ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणपत्र कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्मार्ट एनर्जी मीटर एवं इलेक्ट्रिकल कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को एनएसक्यूएफ (NSQF) लेवल-4 का राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

### रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे

डॉ. सन्नी कपूर ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है तथा इसके बाद स्मार्ट एनर्जी मीटर और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि आधुनिक तकनीकी युग में स्मार्ट मीटरिंग का क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के सहयोग से शुरू किया गया यह कोर्स विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उनके लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने और विकसित भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. संदीप कुमार, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. प्रीति भारद्वाज तथा पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के वीरेंद्र, रोहित और साहिल का विशेष योगदान रहा।

## हॉस्पिटैलिटी-टूरिज्म में करियर की अपार संभावनाएंः प्रो. अंकुश

**आईएचटीएम में विद्यार्थियों से किया संवाद, सफलता के दिए मंत्र**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार और वैश्विक करियर के बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। यह बात केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़ के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभागाध्यक्ष प्रो. अंकुश अम्बरदार ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में होटल मैनेजमेंट अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटैलिटी केवल होटल उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यटन, एविएशन, इवेंट मैनेजमेंट और सर्विस सेक्टर में भी बेहतर संभावनाएं हैं। सफलता के लिए प्रोफेशनल स्किल्स, कम्युनिकेशन और सकारात्मक दृष्टिकोण जरूरी हैं। विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित होटलों में ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और इंडस्ट्री एक्सपोजर के अनुभव साझा किए।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़ के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभागाध्यक्ष प्रो. अंकुश अम्बरदार। *फोटो :हरिभूमि*

### *रोजगार के मिले अवसर*


*प्रो. अंकुश अम्बरदार ने बताया कि आईएचटीएम के विद्यार्थियों को हयात, आईटीसी मौर्या, रेडिसन, जेडब्ल्यू मैरियट, ताज, रमाडा और अन्य प्रमुख होटल चेन में प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर मिले हैं। छात्र सागर ने अपना एफएंडबी स्टार्टअप भी शुरू किया है। प्रो. अम्बरदार ने आईएचटीएम के अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम की सराहना करते हुए इसे हॉस्पिटैलिटी एंड सर्विसेज मैनेजमेंट के क्षेत्र में अभिनव पहल बताया। कार्यक्रम में आईएचटीएम निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने अतिथि का स्वागत किया तथा प्रो. आशीष दहिया, प्रो. संजीव कुमार, डॉ. सुमेघ, डॉ. अनूप समेत अन्य शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

## लाखन माजरा महिला कॉलेज में शुरू होगा शारीरिक शिक्षा विषय

**एमडीयू समिति ने किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाखन माजरा

राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्नातक स्तर पर शारीरिक शिक्षा विषय प्रारम्भ करने के उद्देश्य से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक की निरीक्षण समिति ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण समिति का नेतृत्व कुलताज सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग, महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक ने किया। निरीक्षण दल में डॉ. जयपाल धनखड़ एवं डॉ. मस्त राम शामिल रहे।



**रोहतक।** निरीक्षण समिति के कुलताज सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा विभाग, मदवि, रोहतक , महाविद्यालय की प्राचार्या इंदु सपड़ा के साथ डॉ. जयपाल धनखड़ एवं डॉ. मस्त राम। *फोटो :हरिभूमि*

### जरूरी आधारभूत सुविधाओं का किया निरीक्षण

*समिति ने खेल मैदान, खेल उपकरण, कक्षाओं तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या इंदु सपड़ा ने निरीक्षण दल का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि शारीरिक शिक्षा विषय प्रारम्भ होने से छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। निरीक्षण की सभी व्यवस्थाओं का समन्वय डॉ. सचिन दलाल, सहायक प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा), एवं महाविद्यालय की खेल समिति के अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। निरीक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ तथा समिति अपनी अनुशंसाएं एमडीयू, रोहतक को प्रेषित करेगी।*

## भिवानी जोन का निरंकारी महिला संत समागम 12 को

**गोकर्ण तीर्थ में होगा कार्यक्रम**

**रोहतक।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में भिवानी जोन का निरंकारी महिला संत समागम रविवार, 12 जुलाई 2026 को स्थानीय डेरा श्रीबाबा लक्ष्मण पुरी महाराज, गोकर्ण तीर्थ में आयोजित किया जाएगा। समागम प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चलेगा तथा इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था भी रहेगी। इस पावन समागम की अध्यक्षता देहरादून–मसूरी जोन (उत्तराखंड) से पधार रहीं ज्ञान प्रचारक बहन पिंकी निझोन करेंगी। समागम में महिला संगत द्वारा आध्यात्मिक, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा, भाईचारे और मानवता का संदेश प्रसारित किया जाएगा। भिवानी जोन के जोनल इंचार्ज बलदेव राज नागपाल ने साध-संगत, भाई-बहनों एवं धर्मप्रेमी सज्जनों से अधिक से अधिक संख्या में समागम में पहुंचने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन लोगों को परमात्मा की भक्ति, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। रोहतक के संयोजक हेमंत निरंकारी ने बताया कि समागम की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर आयोजन की शोभा बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

## लिंग जांच करवाना और करना गंभीर कानूनी अपराधः डॉ सतपाल

- कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ चिड़ी सीएचसी में जागरूकता बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

गांव चिड़ी गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ सतपाल सिंह की अध्यक्षता में और गांव इन्द्रगढ़ के सरपंच की उपस्थिति में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ एक विशेष जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के एएनएम, आशा वर्कर, हेल्थ इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे। डॉ सतपाल ने उपस्थित कर्मचारियों को जागरूक करते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में भ्रमण कर लोगों को बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दें। उन्होंने बताया कि लिंग जांच कराना और करना गंभीर कानूनी अपराध है। इसलिए समाज को इस प्रवृति के खिलाफ एकजुट होना होगा। अंत में सभी ने बेटियों के कल्याण सुरक्षा और शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी सांझा की ताकि बेटी के जन्म के उत्सव की तरह मनाया जा सके। सभी ने लिंग भेद मिटाने का संकल्प लिया। बैठक में विजय एचआई, कमलेश एलएचवी, सुरेन्द्र अत्री एचआई, विनोद एचआई तथा रविन्द्र आईए उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

- समयबद्ध समाधान के लिए विभागों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिला मुख्यालय और उपमंडल मुख्यालयों पर गुरुवार को समाधान शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में नागरिकों की शिकायतें और समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके समयबद्ध समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश शुभम और पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। भाजपा प्रतिनिधियों में सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक और सतीश चौधरी भी शिविर में उपस्थित रहे। इसी प्रकार सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर भी समाधान शिविर लगाए गए। सांपला में उपमंडलाधीश अंकिता पुवार ने नागरिकों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महम में उपमंडलाधीश विपिन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में भी लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।



**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश शुभम और पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह। *फोटो :हरिभूमि*

**प्रतियोगिता** विभिन्न राज्यों से पहुंचेंगे खिलाड़ी, ठहरने की पूर्ण व्यवस्था

# एमडीयू में राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप आज से, 800 पहलवान दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

एमडीयू की खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने कहा कि अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार से शुरू हो रही तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 800 पहलवान हिस्सा लेंगे। खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, अभ्यास, सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था विश्वविद्यालय परिसर में की गई है। भारतीय कुश्ती संघ के तत्वावधान में 10 से 12 जुलाई तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में महिला, फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दिन महिला वर्ग की विभिन्न भार श्रेणियों में क्वालिफाइंग मुकाबलों के साथ रैपेचेज और फाइनल होंगे। इसके साथ ही पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग के पहलवानों के दस्तावेजों की जांच और वजन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

### महिला, फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे

#### *महिला वर्ग की खिलाड़ी पहुंची*

*शनिवार को फ्रीस्टाइल वर्ग के मुकाबले आयोजित होंगे, जबकि ग्रीको-रोमन वर्ग के पहलवानों का वेरिफिकेशन और वेइंग-इन होगा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को ग्रीको-रोमन वर्ग की बाउट के साथ राष्ट्रीय चैंपियनों का फैसला होगा। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सभी व्यवस्थाएं अंतिम रूप ले चुकी हैं। महिला वर्ग की खिलाड़ी पहले ही विश्वविद्यालय परिसर में पहुंच चुकी हैं और अभ्यास भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता से प्रदेश के खेल प्रेमियों को उच्च स्तर की कुश्ती देखने का अवसर मिलेगा।*

#### विश्वविद्यालय के छात्रावासों में आवास की व्यवस्था की

डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए विश्वविद्यालय के छात्रावासों में आवास की व्यवस्था की गई है। खेल परिसर में चिकित्सा टीम और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम भी किए गए हैं, ताकि प्रतियोगिता का संचालन सुचारु और सुरक्षित ढंग से हो सके। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कई युवा पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगे।

## मीडिया को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कार्यशाला करे चुनाव आयोगः कथूरिया

**रोहतक।** हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स ने भारत निर्वाचन आयोग से मीडिया प्रतिनिधियों के लिए चुनाव प्रक्रिया एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित करने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि चुनाव संबंधी भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों के बढ़ते दौर में पत्रकारों को निर्वाचन प्रक्रिया की प्रमाणिक एवं विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन कथूरिया ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भेजे पत्र में कहा है कि चुनाव प्रक्रिया और एसआईआर को लेकर सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों पर लगातार भ्रामक जानकारियां प्रसारित हो रही हैं। इससे आम नागरिकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है तथा निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर अनावश्यक शंकाएं भी जन्म ले रही हैं। पत्र में कहा गया है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, मतदाता सूची पुनरीक्षण, एसआईआर की प्रक्रिया, चुनावी नियमों तथा आयोग की व्यवस्थाओं की गहन और आधिकारिक जानकारी दी जाए तो वे आमजन तक तथ्यपरक एवं विश्वसनीय जानकारी अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकेंगे। मनमोहन कथूरिया ने सुझाव दिया कि निर्वाचन आयोग मीडिया प्रतिनिधियों के लिए विशेष ओरिएंटेशन एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करे, जिसमें आयोग के वरिष्ठ अधिकारी चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दें तथा पत्रकारों के प्रश्नों और शंकाओं का समाधान भी करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी पहल से लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति आम नागरिकों का विश्वास और अधिक मजबूत होगा तथा लोगों तक केवल प्रमाणिक, तथ्यात्मक और पारदर्शी जानकारी पहुंचेगी। यूनियन ने लोकतंत्र के हित में इस विषय पर शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
➤ MRI/CT TECHNICIAN 4
➤ COMPUTER OPERATOR 2
➤ PRO 2
➤ NURSING STAFF 4
➤ WARD BOY 2
➤ GATE KEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599





दिल्ली बाईपास पर डिवाइडरों पर बिखरे बिजली के तार जान लेवा हो सकते हैं। इन्हें तुरंत हटवाया जाना चाहिए।

# बिजली निगम के 'यमराज' को किसका इंतजार

# ओमेक्स रोड ही नहीं, पूरे शहर में सड़कों पर मौत का करंट

## डिवाइडरों पर खुले बिजली बॉक्स, लटकते तार व गिरे ट्रांसफार्मर बढ़ा रहे खतरा


नीरज वर्मा ▶▶| रोहतक

हरिभूमि फॉलोअप

शहर की सड़कों पर निकलना अब सिर्फ ट्रैफिक से जूझने भर की बात नहीं रह गई है। बरसात के इस मौसम में शहर की मुख्य सड़कें जगह-जगह फैली बिजली संबंधी लापरवाही के कारण लोगों के लिए जानलेवा बनती जा रही हैं। डिवाइडरों पर लगे स्ट्रीट लाइट के बिजली बॉक्स खुले पड़े हैं, उनसे तार बाहर लटक रहे हैं और कई स्थानों पर रेलिंग के साथ बिजली की वायरिंग खुली नजर आती है। इतना ही नहीं, करीब 20 दिन पहले तेज आंधी में गिरा ट्रांसफार्मर आज भी सड़क किनारे पड़ा हुआ है। ऐसे हालात में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बता दें कि हरिभूमि टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया तो बिजली सुरक्षा से जुड़ी गंभीर खामियां सामने आईं। ओमेक्स रोड के अलावा दिल्ली बाइपास, दिल्ली रोड, मेडिकल मोड़, गोहाना अड्डा, झज्जर रोड और हिसार रोड सहित कई प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों पर लगे स्ट्रीट लाइट कंट्रोल बॉक्स खुले मिले। कई बॉक्सों के ढक्कन गायब थे, जबकि कुछ को फाइबर शीट या गत्ते से ढककर औपचारिकता पूरी कर दी गई थी। इनमें बिजली की वायरिंग साफ दिखाई दे रही थी। बरसात के दौरान इनमें पानी भरने या करंट उतरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों का कहना है कि इन मार्गों से रोजाना हजारों वाहन और पैदल राहगीर गुजरते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति सबसे ज्यादा खतरनाक है। यदि किसी कारण से कोई व्यक्ति खुले बिजली बॉक्स या लटकते तारों के संपर्क में आ जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है।







### फाइबर शीट और गत्ते से हो रही खानापूर्ति

कुछ स्थानों पर खुले बिजली बॉक्सों को सुरक्षित करने के लिए मजबूत ढक्कन लगाने के बजाय फाइबर शीट या गत्ते का टुकड़ा लगाकर छोड़ दिया गया है। बारिश या तेज हवा में यह अस्थायी व्यवस्था कभी भी हट सकती है। ऐसे में करंट फैलने की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सुरक्षा नहीं बल्कि सिर्फ दिखावटी कार्रवाई है।



### ट्रांसफार्मरों के आसपास भी फैले तार

शहर के कई इलाकों में ट्रांसफार्मरों के आसपास बिजली के तार अव्यवस्थित तरीके से फैले हुए हैं। कहीं तार जमीन को छू रहे हैं तो कहीं खुले जोड़ दिखाई देते हैं। बच्चों और पशुओं के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी साफ दिखाई देती है।

### पहले भी हो चुके हैं हादसे

शहर में स्ट्रीट लाइटों और खुले बिजली तारों की चपेट में आने की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। बरसात के दौरान बिजली के पोल, स्ट्रीट लाइट और खुले बॉक्सों में करंट आने की शिकायतें अक्सर मिलती रही हैं। इसके बावजूद न तो नगर निगम ने व्यापक अभियान चलाया



### 20 दिन से सड़क किनारे पड़ा ट्रांसफार्मर

करीब 20 दिन पहले आई तेज आंधी में शहर के एक क्षेत्र में ट्रांसफार्मर गिर गया था। सूचना तत्काल बिजली निगम को दी गई, लेकिन आज तक उसे वहां से नहीं हटाया गया। यह दुर्घटना का कारण बन सकता है।

### यहां करें शिकायत

शहर में किसी क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट खराब है तो इसकी शिकायत इन नंबरों **7027845050** व **8059988940** पर फोन कर दर्ज करा सकते हैं।

### दावा : मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई

मेटेंनेंस के लिए जहां से भी शिकायत मिलती है वहां मौके पर जाकर सुधार कार्य कर दिया जाता है। यहीं, नहीं वार्डों से भी लोगों के फोन आ जाते हैं, उनके कहने पर भी कार्य किया जाता है। दिल्ली रोड की तरफ वाली सड़कें एचएसवीपी के पास है। हमारे पास होती तो अभी तक समाधान करवा दिया जाता।

-बलजीत, ठेकेदार, इलेक्ट्रीकल, नगर निगम

### दावा : शिकायत मिलते ही समाधान



शहर में खुले बिजली बॉक्स, क्षतिग्रस्त वायरिंग और गिरे ट्रांसफार्मर की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए जाएंगे। वहीं, नगर निगम में आने वाले बॉक्स या लटकते तार पाए जाएंगे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित कराया जाएगा। यदि कोई ट्रांसफार्मर सड़क किनारे गिरा हुआ है तो उसे भी जल्द हटाएंगे।

-बिजेंद्र नरवाल, एसई, बिजली निगम रोहतक

### हकीकत : जगह-जगह खुले पड़े बिजली बॉक्स

ओमेक्स रोड के अलावा दिल्ली बाइपास, दिल्ली रोड, मेडिकल मोड़, गोहाना अड्डा, झज्जर रोड और हिसार रोड सहित कई प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों पर लगे स्ट्रीट लाइट कंट्रोल बॉक्स खुले मिले। कई बॉक्सों के ढक्कन गायब थे, जबकि कुछ को फाइबर शीट या गत्ते से ढककर औपचारिकता पूरी कर दी गई थी। एक दिन पहले ही करंट से एक गाय और भैस की मौत हो गई थी। ऐसे में ये खुली तारें हादसों को बढ़ा रही हैं।

# बाबा मस्तनाथ अंडरपास का मुख्य मार्ग 15 से 20 अगस्त तक खुलेगा

- 18 करोड़ से बन रहा अंडरपास, 2 मई से बंद है मुख्य मार्ग; स्लैब का अधिकांश कार्य पूरा, कंक्रीट को मजबूती मिलने के बाद बहाल होगा यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मिलेगी राहत

बाबा मस्तनाथ मठ के सामने दिल्ली की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर निर्माणाधीन अंडरपास का कार्य तेजी से अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। करीब दो माह से बंद इस मार्ग को अब 15 से 20 अगस्त के बीच यातायात के लिए खोलने की तैयारी है। यदि मौसम अनुकूल रहा और निर्माण कार्य निर्धारित समय के अनुसार पूरा होता रहा तो स्वतंत्रता दिवस के आसपास लोगों को इस महत्वपूर्ण मार्ग पर राहत मिल जाएगी। संबंधित निर्माण एजेंसी की ओर से 2 मई 2026 को अंडरपास निर्माण कार्य शुरू करने के लिए दिल्ली की ओर जाने वाली मुख्य सड़क को छह माह के लिए बंद किया गया था। इसके चलते वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा है। विशेष रूप से दिल्ली, बहादुरगढ़ और राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर जाने वाले हजारों वाहन प्रतिदिन लंबा चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जिससे यात्रा का समय और ईंधन दोनों अधिक खर्च हो रहे हैं। करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे इस अंडरपास का उद्देश्य बाबा मस्तनाथ मठ क्षेत्र में वर्षों से बनी हुई सड़क क्रासिंग की समस्या का स्थायी समाधान करना है। अंडरपास बनने के बाद लोगों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही दिल्ली रोड पर यातायात अधिक सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। निर्माण एजेंसी के अनुसार अंडरपास की ऊपरी स्लैब का आधे से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। अब शेष हिस्से का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। स्लैब पूरी होने के बाद कंक्रीट को पर्याप्त मजबूती देने के लिए लगभग एक माह तक उसे प्राकृतिक रूप से सेट और क्योर होने दिया जाएगा।



### वाहनों की आवाजाही होगी सामान्य

सड़क खुलने के बाद पहले चरण में दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही सामान्य कर दी जाएगी। वहीं अंडरपास के अंदर फिनिशिंग, जल निकासी, सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा बैरियर और अन्य तकनीकी कार्य निर्धारित योजना के अनुसार आगे भी चलते रहेंगे। सड़क बंद होने से पिछले दो महीनों से कारोबार और आवागमन दोनों प्रभावित हुए हैं। रोजाना लगने वाले ट्रैफिक दबाव के कारण आसपास के संपर्क मार्गों पर भी जाम की स्थिति बनी रहती है।

### यातायात व्यवस्था होगी बेहतर

*अंडरपास परियोजना पूरी होने के बाद बाबा मस्तनाथ मठ क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक सुचारु होगी। दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी और दिल्ली रोड पर यातायात का दबाव भी व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा सकेगा।* -सुरेंद्र कुमार, ठेकेदार

# 14 का इंतजार न करें, आज ही जमा करवाएं फॉर्म: उपायुक्त



रोहतक। एसआईआर को लेकर अधिकारियों व कर्मियों की मीटिंग लेते एसडीएम आशीष कुमार।

**रोहतक।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे 14 जुलाई का इंतजार किए बिना विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का प्रपत्र जल्द जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि समय रहते आवेदन करने से अंतिम समय की भीड़, संभावित तकनीकी समस्याओं और अनावश्यक असुविधा से बचा जा सकेगा। उपायुक्त ने कहा कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सही विवरण के साथ दर्ज हो। उन्होंने सभी मतदाताओं से इस अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जिले में बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) और निर्वाचन विभाग की ओर से प्रपत्र भरने और जमा करवाने में हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सचिन गुप्ता ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे प्रपत्र सावधानीपूर्वक भरकर समय पर जमा करवाएं। इससे उनका समय बचेगा, अंतिम समय में होने वाली भीड़ से राहत मिलेगी और निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

*उद्घाटन के बाद उखड़े पिलर के पत्थर और टूटने लगी शेड, 7 फरवरी 2026 को महापौर ने किया था लोकार्पण*

# पांच माह में ही बदहाल हुई पांच लाख की वर्षा शालिका

- मानसून में यात्रियों की सुरक्षा पर उठे सवाल; नगर निगम ने शहर में आठ और वर्षा शालिकाएं बनाने की भी बनाई है योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा आमजन और यात्रियों को बरसात के दौरान सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुराना बस स्टैंड के समीप करीब पांच लाख रुपये की लागत से बनाई गई वर्षा शालिका महज पांच माह के भीतर ही बदहाल नजर आने लगी है। 7 फरवरी 2026 को महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने वार्ड सदस्य ज्योति की मौजूदगी में नारियल फोड़कर इस वर्षा शालिका का उद्घाटन किया था और इसे आमजन को समर्पित किया गया था। लेकिन अब इसकी स्थिति निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रही है। वर्षा शालिका के पिलरों पर लगाए गए पत्थर कई जगह से उखड़ चुके हैं, जबकि ऊपर लगी शेड भी ढीली होकर उखड़ने लगी है। करीब 20 फीट लंबी और 8 फीट चौड़ी इस संरचना का उद्देश्य बरसात के दौरान राहगीरों, दुकानदारों और यात्रियों को सुरक्षित आश्रय देना था, लेकिन मानसून की शुरुआत होते ही इसकी जर्जर होती हालत चिंता का विषय बन गई है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं करवाई गई तो बारिश के दौरान यहां खड़े होने वाले लोगों को असुविधा के साथ-साथ हादसे का खतरा भी झेलना पड़ सकता है। उद्घाटन के दौरान महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा था कि नगर निगम शहर में जनहित और नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए लगातार विकास कार्य करवा रहा है। बरसात के मौसम में अचानक तेज बारिश होने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस वर्षा शालिका का निर्माण कराया गया है।



रोहतक। बस स्टैंड के समीप टूटा हुआ वर्षा शालिका। *फोटो :हरिभूमि*

### फिल्हाल छह स्थानों पर किया जा रहा निर्माण कार्य

उस समय नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने भी जानकारी दी थी कि शहर के आठ अन्य स्थानों पर वर्षा शालिकाओं के निर्माण की योजना तैयार की गई है। इनमें शीला बाईपास, मेडिकल मोड़, दिल्ली बाईपास, महिला कॉलेज के पास, पावर हाउस, डी-पार्क, जींद बाईपास सहित अन्य प्रमुख स्थान शामिल हैं। इन कार्यों के लिए निगम की ओर से ई-निविदा प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है और प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य करवाने की बात कही गई थी।

### इसकी गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल

हालांकि पुराना बस स्टैंड स्थित पहली वर्षा शालिका की मौजूदा स्थिति अब निगम के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रही है। लोगों का कहना है कि यदि पांच लाख रुपये की लागत से बनी संरचना कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त होने लगे तो निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। लोगों का यह भी कहना है कि मानसून के बीच यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो यात्रियों को बारिश से बचने के बजाय परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### ट्रकों की टक्कर से शेड क्षतिग्रस्त

*यहां पर रात के समय ट्रक मुड़ते है एलिवेटेड पर चढ़ने के लिए उस दौरान ट्रक बैक होते समय भीड़त होने पर यह शैड उखड़ा पड़ा है। ऐसे में दो बार इसकी मरम्मत भी करवा चुके है। लेकिन इस तरह की दिक्कत बनी हुई है तो इसकी मेटेंनेंस करवाई जाएगी। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करने दिया जाएगा।*

*-देवेंद्र बेनिवाल, कनिष्ठ अभियंता, नगर निगम*

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## एसपी ने डायल-112, पीसीआर और नाकों को दिया 'एक्शन मंत्र'

# निर्देश मिलते ही रात को चला सघन जांच अभियान

## क्राइम हॉटस्पॉट पर बढ़ेगी निगरानी, सुनसान इलाकों में लगातार गश्त, हर सूचना पर मिनटों में पहुंचेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर और जिले में अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने रणनीति और सख्ती दोनों का रास्ता चुना है। अब डायल-112, पीसीआर, राइडर और नाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों की जवाबदेही बढ़ेगी। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने साफ शब्दों में कहा कि अपराध होने का इंतजार नहीं, बल्कि उसे पहले ही रोकना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। दिन में निर्देश मिलते ही रात को पुलिस ने पूरे शहर में नाइट डोमिनेशन चलाया और सभी गाड़ियों, बाइको और स्कूटरों की संघन जांच की। इससे पहले दिन में हुई बैठक में एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मी क्राइम हॉटस्पॉट व सुनसान क्षेत्रों में लगातार गश्त करें, तेज रिस्पांस और आमजन के साथ बेहतर व्यवहार सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को डायल-112, राइडर, पीसीआर तथा विभिन्न नाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों की बैठक आयोजित की गई।



रोहतक। डायल-112, राइडर, पीसीआर तथा विभिन्न नाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों की बैठक लेते पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित। *फोटो :हरिभूमि*



देर रात नाके लगाकर गाड़ियों की जांच करते पुलिस कर्मचारी।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

बैठक में एसपी गौरव राजपुरोहित ने कहा कि पुलिस की सक्रिय मौजूदगी ही अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास पैदा करती है। इसलिए क्राइम हॉटस्पॉट, सुनसान सड़कों और संवेदनशील इलाकों में दिन-रात नियमित गश्त की जाए। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने यातायात पुलिस और नाकों पर तैनात कर्मचारियों को वाहनों की प्रभावी जांच करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि महिला चालकों और बुजुर्गों को वाहन चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

### असामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी नजर

एसपी ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों, रात में बिना कारण घूमने वाले युवकों तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ समय रहते निवारक कार्रवाई की जाए, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### डायल-112 ऐप डाउनलोड करवाने के निर्देश

डायल-112 पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए कि हर सूचना पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कम से कम समय में मौके पर पहुंचें। घटनास्थल पर निष्पक्ष कार्रवाई करें और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को प्राथमिकता के आधार पर अस्पताल पहुंचाना सुनिश्चित करें। ड्यूटी के दौरान अनुशासन बनाए रखने और आमजन के मोबाइल फोन में डायल-112 ऐप डाउनलोड करवाने के भी निर्देश दिए गए।

